एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

दिशा पाटनी के इंस्टाग्राम पर हुए 25 मिलियन फॉलोअर्स

दिशा पाटनी बॉलिवुड की सबसे खूबसूरत ऐक्ट्रेसेस में से एक हैं। उन्होंने एमएस धोनी, बागी 2 और भारत जैसी फिल्मों से लोगों के दिलों में खास जगह बनाई है।सोशल मीडिया पर भी दिशा काफी ऐक्टिव रहती हैं। वे यहां अपनी तस्वीरें फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। यही वजह है कि शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर उन्होंने फैंस का आभार जताया। दरअसल, अब दिशा के इंस्टाग्राम पर 25 मिलियन फॉलोअर्स हो गए हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो दिशा अब मोहित सूरी की फिल्म मलंग में नजर आएंगी। फिल्म में अनिल कपूर, आदित्य रॉय कपूर और कुणाल खेमू जैसे ऐक्टर्स अहम किरदारों में नजर आएंगे।

अंतरंग दृश्य करने में सहज नहीं हूं : प्रियमणि

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री प्रियमणि वेब सीरीज द फैमिली मैन के साथ डिजिटल में अपना डेब्यू किया है। इसमें वह अभिनेता मनोज बाजपेयी संग काम करते नजर आएंगी। प्रियमणि का कहना है कि इस मुद्दे के बारे में अन्य कलाकार क्या सोचते हैं उसका अपमान किए बिना मैं व्यक्तिगत तौर पर इस तरह के दृश्यों (अंतरंग दृश्यों) में सहज नहीं हूं और इन्हें करने से बचती हूं क्योंकि इस तरह की विषय सामग्री पारिवारिक वर्ग के दर्शकों के लिए उपयुक्त नहीं है।

प्रियमणि ने बताया, वेब की दुनिया में मैं खुद को यौन संबंधी विषय सामग्रियों के साथ नहीं जोड़ना चाहती हूं। ईमानदारी से कहूं, तो मैं समझती हूं कि एक कलाकार के तौर पर भिन्न किरदारों को निभाने में मुझे सहज महसूस होना चाहिए। मैं उन कलाकारों का अपमान नहीं कर रही हूं जो इस तरह की कहानियों का हिस्सा है जिनमें अंतरंग दृश्य जरूरी होते हैं, लेकिन एक अभिनेत्री होने के नाते मैं ऐसे दृश्यों को नहीं करूंगी जिनमें स्मूचिंग या अंतरंग कार्यकलाप जरूरी है। मैं इनमें सहज नहीं हूं।

यह नई वेब सीरीज शुक्रवार से एमेजॉन प्राइम वीडियो में दिखाई जा रही है। इसमें मध्यम आयु वर्ग के एक आम आदमी की कहानी बताई जाती है जो अपनी जिंदगी में कुछ असाधारण हासिल करने के लिए देश की सुरक्षा के लिए एक मिशन में शामिल हो जाता है। इस किरदार को मनोज बाजपेयी निभा रहे हैं और सीरीज में प्रियमणि उनकी पत्नी की भूमिका में हैं।

अपने किरदार के बारे में प्रियमणि कहती हैं, मेरे किरदार का नाम सुचित्रा है जो कि एक हाउसवाइफ है। वह अपनी जिंदगी में लगातार हर चीज को बैलेंस करते हुए चलती है जिसमें कि उसका परिवार भी शामिल है। मुझे लगता है कि महिलाओं में एक साथ कई काम करने की एक प्राकृतिक क्षमता होती है।

प्रियमणि ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत साल 2003 में तमिल फिल्म उल्लम के साथ की जिसके बाद उन्होंने परुथिवीकरण, थिरककथा, मन ओरी और रामायणम जैसी कई और फिल्मों में काम किया।

प्रियमणि हिंदी फिल्मों में और अधिक काम करने में दिलचस्पी रखती हैं और उन्हें उम्मीद है कि इस शो से उन्हें ढेर सारी फिल्मों के ऑफर मिलने में मदद मिलेगी, लेकिन प्रियमणि ने साफ तौर पर यह भी कह दिया कि वह बिकिनी नहीं पहनेंगी जैसे कि बॉलीवुड की कई मुख्यधारा फिल्मों में हीरोइनें पहनती हैं।

फैमिली मैन के निर्देशक राज निदिमोरु और कृष्णा डीके हैं। शो में शरीब हाशमी, दर्शन कुमार, गुल पनाग और दिलीप ताहिल जैसे कई और कलाकार भी हैं।

बिपाशा ने बॉलीवुड में पूरे किए 18 साल

अभिनेत्री बिपाशा बसु ने हिंदी फिल्म जगत में अपने 18 साल पूरे कर लिए हैं। अभिनेत्री ने कहा कि उन्हें खुद पर गर्व है, क्योंकि वह सच के साथ खड़ी रहीं और आज जो कुछ हैं, उसकी बदौलत हैं। उन्होंने अपनी शर्तों पर सबकुछ हासिल किया। बिपाशा ने अपने डेब्यू फिल्म अजनबी की एक तस्वीर साझा की, जिसमें उनके साथ अक्षय कुमार, बॉबी देओल और करीना कपूर खान भी हैं।

इस तस्वीर के साथ बिपाशा ने लिखा, 18 साल पहले फिल्म अजनबी रिलीज होने के साथ हमारी फिल्म इंडस्ट्री ने बाहें फैलाकर मुझे स्वीकारा और दर्शकों ने भी बड़े ही प्यार के साथ मुझे अपने दिल में पनाह दी। अपनी फिल्मों के माध्यम से जीवन की इस अद्भुत यात्रा के लिए मैं बहुत आभारी हूं।

बिपाशा ने आगे लिखा, मुझे खुद पर बहुत गर्व है कि मैं जो भी हूं उसके लिए सच्ची रही और अपने शर्तों पर सबकुछ हासिल किया।

बिपाशा ने यह भी लिखा, मैं अपने सभी निर्माताओं, निर्देशकों, सह-कलाकारों और हर फिल्म की पूरी टीम को धन्यवाद देना चाहती हूं। धन्यवाद उन सभी को, जिन्होंने मुझे और मेरे काम को प्यार दिया। मुझे एक्टर बने रहना पसंद है। धन्यवाद अब्बास भाई, मस्तान भाई, हुसैन भाई, बॉबी देओल, करीना, विजय गिलानी और बाकी सभी को धन्यवाद।